Class - II
Subject - HINDI COURSE BOOK
पाठ – 3 अपना काम स्वयं करो

1. शब्दार्थ

बुद्धू – मूर्ख

एकटक – देखते ही रहना

मज़ाक – हँसी

विश्वास – भरोसा

2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए –

क. किसने कहा कि हमारा नौकर छुट्टी पर गया है?

उत्तर जूही ने कहा कि हमारा नौकर छुट्टी पर गया है।

ख. हमें अपना काम स्वयं करना चाहिए या नहीं?

उत्तर हाँ, हमें अपना काम स्वयं करना चाहिए।

ग. अपना काम स्वयं करने से क्या हम स्वस्थ रह सकते हैं?

उत्तर हाँ, हमें अपना काम स्वयं करने से हम स्वस्थ रह सकते हैं।

3. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

क. जूही को माँ के साथ काम क्यों करना पड़ता है?

उत्तर जूही को माँ के साथ काम करना पड़ता है क्योंकि उनका नौकर छुट्टी पर गया है।

ख. अनुज के पास कितने नौकर हैं?

उत्तर अनुज के पास दस नौकर हैं।

ग. अनुज के नौकरों के नाम क्या हैं?

उत्तर अनुज के नौकरों के नाम हैं – दो हाथ, दो पैर, दो कान, दो आँख, एक नाक और एक मुँह।

घ. हमें कब नौकर की आवश्यकता नहीं पड़ेगी?

उत्तर जब हम अपना काम अपने हाथों से करेंगे तो हमें किसी नौकर की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

4. किसने, किससे कहा लिखिए :–

क. मुझे माँ के साथ काम करना पड़ता है।

किसने – जूही ने किससे – माधुरी से

ख. मेरे तो दस नौकर हैं, दस

किसने – अनुज ने किससे – जूही और माधुरी से

ग. तुम हमें बुद्धू बना रहे हो।

किसने – जूही और माधुरी ने किससे – अनुज से

घ. ये कोई आदमी थोड़े ही हैं?

किसने – माधुरी ने किससे – अनुज से

5. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए –

क. माधुरी के पास कितने नौकर हैं?

एक दो ✓ तीन

ख. दस नौकर किसके हैं?

✓ अनुज के माधुरी के जूही के